# स्वरोजगार योजना से मिली आत्मनिर्भरता की राह

## डोंगर परासिया की सबीना बानो की किराना दुकान चल निकली

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला छिन्दवाड़ा के डोंगर परासिया नगर के वार्ड क्रमांक- 08 में रहने वाली सबीना बानों ने अपनी मेहनत, हौसले और स्व-रोजगार योजना की मदद से आत्मनिर्भरता की नई मिसाल कायम की है। आज वे अपनी किराना और कॉस्मेटिक्स की दुकान से महीने में नहीं बल्कि प्रतिदान 3 से 5 हजार रूपये तक का शुध्द लाभ प्राप्त कर रही हैं। उनकी कहानी उन लाखों महिलाओं के लिए प्रेरणा है, जो कठिन परिस्थितियों में भी अपने आत्मसम्मान और परिवार की खुशहाली के लिए संघर्ष करती है।




सबीना बानों ने भौतिकी (फिजिक्स) में पोस्ट ग्रेजुएशन तक शिक्षा प्राप्त की है, लेकिन पारिवारिक हालात ऐसे नहीं थे कि वह अपने ज्ञान का सही उपयोग कर पाती। पढ़ाई पूरी करने के बाद भी उन्हें दूसरों के घरों में काम करना पड़ा। कभी 100 रुपये, कभी 200 रुपये और कभी-कभी 500 रुपये प्रतिदिन की मजदूरी मिलती थी। महीने भर काम करने पर भी बमुश्किल 2 से 5 हजार रुपये की कमाई होती थी। इतनी आमदनी में परिवार का भरण-पोषण करना अत्यंत कठिन था।

लेकिन कहते हैं न कि जब रास्ता नज़र नहीं आता तब उम्मीदों की किरण राह दिखाती है। एक दिन सबीना का नगर पालिका डोंगर परासिया के माध्यम से प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के बारे में जानकारी मिली। उन्होंने सोचा क्यों न मैं भी इस योजना का लाभ उठाकर कुछ नया शुरू करूं। इस योजना के अंतर्गत न केवल बिना गारंटी के लोन मिलता है, बल्कि सरकार की ओर से सब्सिड़ी भी दी जाती है।

सबीना ने तुरंत नगर पालिका में 10,000/- रुपये के लोन के लिए आवेदन किया। उन्हें यह लोन मिला और उन्होंने अपनी पहली छोटी किराना दुकान शुरू की। शुरुआत में सब कुछ नया था, लेकिन सबीना की मेहनत और लगन रंग लाई।

कुछ समय बाद उन्होंने 20,000/- रुपये का दूसरा लोन लिया और अपने व्यवसाय को और विस्तारित किया। सिर्फ इतना ही नहीं सबीना ने अपनी थोड़ी-बहुत बचत भी इसमें जोड़ी और अपनी दुकान में सौंदर्य प्रसाधनों (कॉस्मेटिक आईटम) का सामान भी रखना शुरू किया। आज उनकी दुकान किराना और कॉस्मेटिक दोनों का केंद्र बन चुकी है। ग्राहक बढ़े, बिक्री बढ़ी और अब उनकी दैनिक आमदनी 5,000/- रुपये तक पहुंच गई।अब सबीना न केवल अपने परिवार का बेहतर ढंग से पालन-पोषण कर रही हैं, बल्कि आत्मनिर्भर बनकर समाज में एक नई पहचान भी बना चुकी है। उन्हें सरकार की अन्य योजनाओं का भी लाभ मिल रहा है, जिससे उनका और उनके परिवार का स्वास्थ्य और सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है।

सबीना की कहानी यह बताती है कि यदि शिक्षित महिलायें ठान लें और समय पर सही निर्णय लिया जाएए तो कोई भी महिला अपने जीवन को बदल सकती है। उन्होंने न केवल अपनी किस्मत बदली, बल्कि अपने बच्चों के लिए एक बेहतर भविष्य भी सुनिश्चित किया। सबीना बानों, अब सिर्फ एक गृहिणी नहीं, बल्कि एक सफल उद्यमी है- आत्मनिर्भर भारत की सच्ची मिसाल।



## जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि आज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. पं. जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि आज 27 मई 2025 दिन मंगलवार को जिला मुख्यालय सहित जिले के समस्त ब्लॉक मुख्यालयों एवं उप ब्लॉक मुख्यालयों पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए जाएंगे।जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. जवाहरलाल नेहरू चाचा नेहरू की पुण्यतिथि सभी ब्लॉक मुख्यालयों व उप ब्लॉक मुख्यालयों पर मनाने हेतु ब्लॉक अध्यक्ष एवं उप ब्लॉक अध्यक्षगणों को निर्देशित किया है। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में जवाहरलाल नेहरू के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालें साथ ही देश के नवनिर्माण में प्रथम प्रधानमंत्री के योगदान को जन-जन तक पहुंचाएं। श्री ओकटे ने चाचा नेहरू की पुण्यतिथि को श्रद्धा एवं संकल्प के साथ मनाने हेतु निर्देशित किया है तथा सभी से कार्यक्रम में शामिल होने अपील की है

### सार-समाचार

## श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन कृष्ण लीला का हुआ वर्णन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नरसिंगपुर रोड गणेश कॉलोनी स्थित गणेश मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथावाचक पंडित दिलीप मिश्रा ने भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला का वर्णन सुनाया।

उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण के पैदा होने के बाद कंस उसको मौत के घाट उतारने के लिए अपनी राज्य की सर्वाधिक बलवान राक्षसी पूतना को भेजता है। पूतना वेश बदलकर भगवान श्रीकृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करती है। लेकिन भगवान श्रीकृष्ण उसको मौत के घाट उतार देते हैं। उसके बाद कार्तिक माह में ब्रजवासी भगवान इंद्र को प्रसन्न करने के लिए पूजन का कार्यक्रम करने की तैयारी करते हैं। भगवान कृष्ण द्वारा उनको भगवान इंद्र की पूजन करने से मना करते हुए गोवर्धन महाराज की पूजन करने की बात कहते हैं। इंद्र भगवान उन बातों को सुनकर क्रोधित हो जाते हैं। वह अपने क्रोध से भारी वर्षा करते है, जिसको देखकर समस्त ब्रजवासी परेशान हो जाते हैं। भारी वर्षा को देख भगवान श्रीकृष्ण गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा अंगुली पर उठाकर पूरे नगरवासियों को पर्वत को नीचे बुला लेते हैं, जिससे हार कर इंद्र एक सप्ताह के बाद वर्षा को बंद कर देते हैं, जिसके बाद ब्रज में भगवान श्रीकृष्ण और गोवर्धन महाराज के जयकारे लगाने लगते हैं।



इस मौके पर भगवान को छप्पन भोग लगाया गया। कथा के दौरान राधा कृष्ण के आर्कषक झांकियों का भी दर्शन कराया गया। इस अवसर पर भजन गायक आत्माराम वर्मा, पीयूष, अनुराग विश्वकर्मा, शुभम भार्गव, यश शर्मा ने गाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। प्रसाद की सेवा श्री गणेश कॉलोनी सेवा समिति की ओर से की गई। पाचवे दिन के कथा के मुख्य यजमान बबलू डहेरिया, लक्ष्मी डहेरिया थे। इस अवसर पर समिति के मंसाराम इरपाची, मनीष रघुवंशी, गीता ठाकरे, वंदना मालवीय, शोभना पांडे, उर्मिला सिंग, दिशा चौरसिया, अश्विनी आनदेव, भावना नासेरी, प्रीति सूचक, मंगला धोटे, अर्चना भार्गव, श्रुति आरोनकर, सरला श्रीवास्तव, सारिका लाट, कंचन बोरकर, किरण बोरकर, वंदना, दिशा, ज्योति चौरसिया, श्रुति आरोनकर, आशा मिश्रा, मंजू तिवारी, समीक्षा ठाकरे, भानु धोटे, आदि पांडे, सार्थक सिंग, गीतांश बोरकर, दक्ष, शुभम भार्गव मौजूद रहे। तथा स्थानीय गणमान्य लोगों ने बड़ी संख्या में उपस्थिति देकर कथा का श्रवण किया।

## परासिया रोड की सड़को में खडे रहते है वाहन, दुर्घटना होने की आशंका

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सत्कार तिराहे से लेकर पुराना परासिया नाके तक सड़को पर टू व्हीलर, फोर व्हीलर वाहन सफेद लाईन के बाहर खड़े रहते है जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है इस मार्ग के वाहन यातायात पुलिस नहीं उठा रही है केवल अस्पताल के सामने गरीबों के वाहन उठाऐं जा रे है।

## महिलाओं ने की वट वृक्षों की पूजा अर्चना

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** वट सावित्री व्रत हिन्दू धर्म में महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण पर्व है। इस दिन विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य के लिए व्रत रखती हैं। यह व्रत ज्येष्ठ मास की अमावस्या को किया जाता है। इस दिन महिलाएं वट (बरगद) के पेड़ की पूजा करती हैं। इस वर्ष वट सावित्री व्रत 26 मई 2025 को रखा गया। इस व्रत से जुड़ी मुख्य कथा सावित्री और सत्यवान की है जो प्रेम, निष्ठा और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है।

इस कथा के बारे में बताते है कि बहुत समय पहले की बात है। भद्रदेश नामक राज्य में अश्वपत नाम के राजा और उनकी रानी मालवती रहते थे। उनके घर एक सुंदर और तेजस्वी कन्या का जन्म हुआ जिसका नाम उन्होंने सावित्री रखा। वह बहुत बुद्धिमान, धर्मपरायण और सुंदर थी। जब सावित्री विवाह योग्य हुई तो उसके पिता ने उसे स्वयं वर चुनने की अनुमति दी। सावित्री ने सत्यवान नामक एक राजकुमार को अपना वर चुना।



सत्यवान एक वनवासी राजा द्युमत्सेन के पुत्र थे जो किसी कारणवश अपना राज्य खो चुके थे और वन में रहते थे। लेकिन एक बात जिसने सबको चिंतित कर दिया वह यह थी कि एक भविष्यवाणी के अनुसार सत्यवान की मृत्यु एक साल के भीतर हो जाएगी। लेकिन सावित्री अपने निर्णय पर अडिग रही और सत्यवान से विवाह कर लिया।

विवाह के बाद सावित्री अपने पति और सास-ससुर के साथ वन में रहने लगी। वह बहुत सेवा भाव से सबका ध्यान रखती थी। जिस दिन सत्यवान की मृत्यु होनी थी, उस दिन सावित्री ने व्रत रखा और वट वृक्ष के नीचे बैठकर पूजा की। जब सत्यवान लकड़ियां काटने जंगल गया तो सावित्री भी उसके साथ गई। थोड़ी देर बाद सत्यवान के सिर में दर्द हुआ और वह सावित्री की गोद में लेट गया। तभी यमराज मृत्यु के देवता उसकी आत्मा लेने आए। सावित्री ने यमराज का पीछा किया और उनसे सत्यवान की आत्मा वापस देने की प्रार्थना की। यमराज ने कहा कि यह नियम के विरुद्ध है, लेकिन सावित्री की बुद्धिमानी, प्रेम और दृढ़ संकल्प देखकर वे प्रसन्न हो गए। उन्होंने सावित्री को तीन वर मांगने का अवसर दिया। सावित्री ने पहले अपने ससुर का राज्य वापस मांगा, फिर अपने सास-ससुर की आंखों की रोशनी, और अंत में अपने लिए सौ पुत्र मांगे और अपने पति की मृत्यु टाल दी।

## सोनपुर बिछुआ में भिक्षु संघ ने डॉ. अम्बेडकर की पूर्णकृति प्रतिमा का किया अनावरण



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वावधान में आदिवासी अंचल के ग्राम सोनपुर (बिछुआ) में विश्व भूषण डॉ. बाबासाहाब भीमराव आंबेडकर की पूर्णाकृति प्रतिमा का अनावरण पुज्य धम्मसेन महाथेरो एनिकोणी एवं भिक्षु संघ के करकमलों द्वारा चौरई के विधायक सुजीत सिंह चौधरी की प्रमुख उपस्थिति, प्रख्यात साहित्यकार एस.आर. शेंडे के मुख्यातिथ्य, भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष एड. रमेश लोखंडे एवं जिला पंचायत की सदस्या पंचफूला परतेती की अध्यक्षता में उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

प्रतिमा अनावरण समारोह मे उपस्थित प्रमुख अतिथि एड. रमेश लोखंडे उपाध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा, डॉ. डी.के. इन्दौरकर प्राचार्य, डॉ. निलम कीर्ति गेडाम व्याख्याता, डॉ. इंद्रपाल राउत, सहादेव गोडबोले, नरेंद्र पाटील, जागेश्वर बागड़े, एड. राजेश सांगोडे, अशोक डोंगरे ने अपने सारगर्भित उदबोधन में संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों के माध्यम से एस.टी./एस.सी., ओ.बो.सी., अल्पसंख्यक, सामान्य वर्ग तथा भारतीय समाज के सभी वर्गो के हित संवर्धन में बाबा साहाब द्वारा किये गये प्रावधानों का उल्लेख किया तथा उनके बहुमुखी व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

भिक्षु धम्मसेन महाथेरो ने विश्व शांति व भारत की सर्वांगीण प्रगति के लिए बुद्ध धम्म के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। विशेष अतिथि विधायक सुजीतसिंह चौधरी ने कहा कि डॉ. बाबासाहाब आम्बेडकर के संविधान और विचारों की बदलौत भारत आज विकास के शिखर को छू रहा है। प्रमुख अतिथि एस.आर. शेंडे ने कहा कि वर्तमान हालातों में भारतीय समाज व राजनीति में सर उठा रही जातीयता, संकीर्णता, धर्मांधता, विषमता को प्रश्रय देने वाली अवांछनीय विचारधारा को मुहतोड़ जवाब देने के लिए सभी अम्बेडकरवादियों और बहुजनों को एकजुटता के साथ संघर्ष करने की गरज है। डॉ. डी.के. इन्दौरकर ने कहा किए आज की विषमता मूलक स्थिति सारे समस्या की जड़ है जिसे उखाड़ने की आवश्यकता है। डॉ. गेडाम ने कहा कि इतिहास जानना जरूरी है, जो इतिहास नहीं जानता वह इतिहास नहीं बना सकता। शिक्षा के बिना स्वयं का उद्धार नहीं हो सकता। समारोह में आनंद सहारे, प्रवीण ठवरे, हिरामन सोमकुंवर, शेषराव बागड़े, कल्पना गजभिए, दशरथ बागड़े, राजेश बागड़े, कुसुम बागड़े, विठ्ठल पाटील, आशा बागड़े, निर्मला गोलाइत, विमल पाटील, रामचंद्र भालेराव, गोपाल ठाकरे, उपसरपंच रंगारी, प्रभाकर डोंगरे, गुलाब जाम्बुलकर, सूर्यकांत बागड़े, देशलाल धुर्वे, बौद्ध उपासक उपसिकाएँ और सभी वर्गों के गणमान्य नागरिक प्रमुखता से उपस्थित रहे।

रमेश बंसोड के कुशल संचालन में सम्पन्न शानदार प्रतिमा अनावनरण के अवसर पर समता सैनिक दल सौसर शाखा, भारतीय बौद्ध महासभा के समस्त पदाधिकारी, ग्राम एवं क्षेत्र वासियों ने नगर में धम्म रैली की सामुहिक सहभोज हुआ। समिति द्वारा जमीन दानदाता स्मृति शेष हर्षल लीलाधर गोलाइत परिवार को साधुवाद दिया। भारतीय बौद्ध महासभा द्वारा धनेगांव एवं चंद्रिकापुर में डॉ. बाबासाहाब आम्बेडकर प्रतिमा के लिए चबूतरा निर्माण, ग्राम सोनपुर में डॉ. आंबेडकर सामुदायिक भवन निर्माण की मांग पर विधायक सुजीत सिंह चौधरी ने विधायक निधि से निर्माण कार्य कराए जाने की घोषणा की।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने कल 26 मई को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा टी.एल. समीक्षा बैठक में लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सी.एम. हेल्पलाइन, मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्यमंत्री निवास, विभिन्न आयोगों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं न्यायालयों से संबंधित लंबित मामलों पर भी विशेष रूप से चर्चा की। बैठक में समसामयिक एवं अंतर्विभागीय मुद्दों पर विस्तार से मंथन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।



कलेक्टर श्री सिंह ने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सी.एम. हेल्पलाइन से संबंधित शिकायतों का निराकरण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पूर्व की भांति इस बार भी जिला ए ग्रेड प्राप्त करें, इसके लिए अभी से सतत प्रयास प्रारंभ करें। श्री सिंह ने यह भी कहा कि निम्न गुणवत्ता के आधार पर प्रकरण बंद करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाई जाए।

बैठक में जनपद सी.ई.ओ. और एस.डी.एम. को के.वाय.सी. कार्य को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए गए। सड़कों पर हो रहे अतिक्रमण पर कलेक्टर ने नाराज़गी जताते हुये कहा कि किसी को भी सार्वजनिक स्थान पर कब्जा करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने पुलिस, एस.डी.एम. और नगर निगम को निर्देश दिए कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बाद दोबारा कब्जा न हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देशित किया कि सभी पेट्रोल पंप संचालकों को सूचित किया जाए कि बिना हेलमेट लगाए वाहन चालकों को पेट्रोल न दिया जाए। उन्होंने बसों के अनाधिकृत स्थानों पर रुकने पर नाराज़गी व्यक्त की और ट्रैफिक व्यवस्था को कड़ाई से लागू करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक सिग्नल जम्प करने वालों पर सख्त जुर्माना लगाया जाए। उन्होंने दुर्घटनाओं के मुख्य कारणों जैसे ड्रंक एंड ड्राइव, बिना हेलमेट के वाहन चलाना आदि का उल्लेख करते हुए सभी थानों के आसपास ब्रेथ एनालाइज़र से जांच कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने जल गंगा संवर्धन अभियान में कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कई तालाब, डगवेल एवं फार्म पोंड मस्टर रोल तैयार किए बिना ही दर्ज कर दिए गए हैं, जिससे मार्किंग प्रभावित हो रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि मस्टर रोल भरकर प्रस्तुत किए जाएं और सभी एस.डी.एम. कार्यों का भौतिक सत्यापन करें ताकि कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित हो।

कलेक्टर श्री सिंह ने टी.एल. बैठक में लंबित सभी प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि समय सीमा में समाधान नहीं किया गया तो संबंधित अधिकारी का वेतन रोका जाएगा। साथ ही उन्होंने जिले में किसानों के पंजीयन कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए और कहा कि इसमें कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलेक्टर ने मई माह में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों को समय रहते तैयार कर पेंशन कार्यालय भेजने के निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी ए.डी.एम. श्रीमती अंकिता त्रिपाठी, एस.डी.एम. सुधीर जैन, डिप्टी कलेक्टर राहुल कुमार पटेल एवं राजनंदिनी सिंह, उप संचालक सामाजिक न्याय पी. राजौदिया, आयुक्त नगर निगम सीपी राय सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। अन्य एसडीएम, तहसीलदार एवं खंड स्तरीय अधिकारी वर्चुअल माध्यम से बैठक में जुड़े।

## पुलिस आरक्षक की कार ने बाइक को मारी टक्कर, दो घायल

### घायलों में भाजपा नगर मंडल उपाध्यक्ष का बेटा और उसका दोस्त शामिल, नशे में था आरक्षक, घटना के बाद फरार



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शहर में रविवार और सोमवार की दरमियानी रात एक भीषण सड़क हादसे में भाजपा नेता और नगर मंडल उपाध्यक्ष अरविंद राजपूत के बेटे रुद्रांश राजपूत और उसके दोस्त यश लोखंडे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा रात करीब 12:30 बजे बस स्टैंड मानसरोवर कॉम्प्लेक्स पुलिस चौकी के सामने हुआ, जब नशे में धुत पुलिस आरक्षक हर्षित शर्मा की तेज रफ्तार कार ने रॉन्ग साइड से आकर उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा इतना भीषण था कि कार के एयरबैग खुल गए और बाइक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर के बाद दोनों युवक उछलकर कार के ऊपर से दूसरी तरफ जा गिरे।

हादसे के बाद आरोपी आरक्षक हर्षित शर्मा मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घायलों को पहचान कर उनके परिजनों को सूचना दी। भाजपा नेता अरविंद राजपूत घटनास्थल के पास ही थे, जिसके चलते वह तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल ले गए।

डॉक्टरों ने बताया कि यश लोखंडे की सिर की हड्डी तीन जगह से टूट गई है और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। उसे प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल नागपुर रेफर कर दिया गया। वहीं रुद्रांश राजपूत की खोपड़ी में दरार आई है और नाक की हड्डी टूट गई है। फिलहाल रुद्रांश परासिया रोड स्थित प्राइवेट अस्पताल के आई.सी.यू. में भर्ती है और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

घटना के प्रत्यक्षदर्शी समन द्विवेदी ने बताया कि वह दवाई लेने जा रहे थे, तभी उन्होंने देखा कि एक कार तेज रफ्तार में रॉन्ग साइड से आकर बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद हर्षित शर्मा मौके से फरार हो गया।

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी आरक्षक हर्षित शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली निरीक्षक नारायण बघेल ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

भाजपा नेता अरविंद राजपूत ने इस हादसे पर गहरा आक्रोश जताते हुए कहा कि आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। बता दें कि शहर और जिले में इस समय लगातार दुर्घटनाऐं बढ़ रही है, यातायात व्यवस्था शहर में जैसी होनी चाहिए वैसी नहीं है इस पर कार्यवाही होनी चाहिए और चौराहों, तिराहों में व्यवसथा बनाई जाऐं।

## छिन्दवाडा-सिवनी मार्ग में की वाहनों की सघन जांच और वसूला जुर्माना

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा छिन्दवाड़ा-सिवनी मार्ग पर यात्री वाहनों एवं अन्य वाहनों की सघन जाँच की गईं। जांच के दौरान वाहनों के दस्तावेज जैसे वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं वाहन चालक का वैध लाइसेंस आदि की जांच की गई। जिन वाहनों के दस्तावेजों में कमियां पाई गई ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी छिंदवाड़ा अनुराग शुक्ला ने बताया कि छिन्दवाड़ा-सिवनी मार्ग में वाहनों की चैकिंग की गई एवं इस दौरान यात्री वाहन क्रमांक एम.पी.- 20 पी ए 2786 को सिहोरामाल के पास सिवनी रोड पर बिना परमिट के संचालित पाये जाने पर वाहन जप्त कर सुरक्षार्थ परिवहन कार्यालय छिंदवाड़ा परिसर में खड़ा कराया गया।

साथ ही पूर्व में जप्त यात्री वाहन क्रमांक एम.एच.-12 के.क्यू. 1513 से बकाया म.प्र. मोटरयान कर 137409 रूपये जमा कराया गया। अन्य कार्यवाही में दो ट्रैक्टर वाहनों से वाहन का व्यावसायिक उपयोग करने पर 68,900/- रूपये की चालानी कार्यवाही की गई। साथ ही वाहन संचालकों को समझाइश दी गईं कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी।

## सार-समाचार

### जनपद पंचायत तामिया में धरती आबा के सर्वे दल की बैठक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग छिंदवाडा के निर्देशों के परिपालन में जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत सैचुरेशन की कार्रवाई के लिये 24 मई 2025 को सामुदायिक भवन जनपद पंचायत तामिया में धरती आबा के सर्वे दल ग्राम अधिकारी, सहायक ग्राम अधिकारियों एवं सत्यापनकर्ता दल की आवश्यक बैठक ली गई। इस बैठक में सर्वे दल एवं सत्यापन दल के सभी सदस्य उपस्थित हुये। जनपद पंचायत तामिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा मुख्य बिंदुओं पर चर्चा करते हुए अति शीघ्रता से सभी सेचूरेशन का कार्य पूर्ण करने के लिये सभी शिक्षकों, पटवारी, रोजगार सहायक एवं पंचायत सचिवों को निर्देश दिये गये। इस बैठक में नायब तहसीलदार तामिया एवं जनजातीय कार्य विभाग से क्षेत्र संयोजक रवि कनौजिया एवं मनीष बोरकर एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी तामिया उपस्थित थे।

### एनएसयूआई ने जारी किया छात्र हेल्पलाइन नंबर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** एन.एस.यू.आई. अध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर ने बताया कि अभी महाविद्यालय में प्रवेश प्रारंभ हैं, और महाविद्यालय में आने वाले विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले छात्र-छात्राओं को कई प्रकार की समस्या का सामना करना पड़ता है, इसे लेकर जिला एन.एस.यू.आई. छिंदवाड़ा से छात्र-छात्राओं की समस्याओं की समस्याओं के निराकरण हेतु हेल्प लाईन नंबर 9669615515 एवं 8085323177, 9074379174 जारी किये हैं। श्री ठाकुर ने बताया कि महाविद्यालय में अध्ययनरत एवं प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं को अपनी समस्या के कारण निराकरण इन नंबरों पर काल करके अपनी समस्या से अवगत करा सकते हैं त्वरित ही उनकी समस्या का निराकरण करने प्रयास किया जायेगा।

### चार दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा आयेंगे नकुल एवं कमलनाथ

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ जी छिन्दवाड़ा आगमन होने जा रहा है। चार दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा आगमन उपरांत नेताद्वय विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। पूर्व मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार कमलनाथ एवं नकुलनाथ का आगामी 31 मई 2025 को छिन्दवाड़ा आगमन होगा। आगमन उपरांत नेताद्वय जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित एवं अन्य पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। 3 जून 2025 को नकुल-कमलनाथ छिन्दवाड़ा से प्रस्थान करेंगे।

### जिलास्तरीय परामर्शदात्री समिति की तिमाही बैठक आज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आज 27 मई 2025 मंगलवार को दोपहर 3 बजे से कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति और जिला स्तरीय समीक्षा समिति की तिमाही बैठक का आयोजन किया गया है। अग्रणी जिला प्रबंधक अजय कुमार ने सभी बैंकों के जिला समन्वयकों और संबंधित विभाग के अधिकारियों को जानकारी के साथ समय पर बैठक में स्वयं उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

### 31 वर्षो से न्यूटन शनि मंदिर में जारी है पूजा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शनिदेव की पूजा से अपने कर्मो का फल प्राप्त होता है तथा बुरे कर्मो के दुष्प्रभाव कम होते है सूर्यदेव के पुत्र शनिदेव की पूजा विधिवत की जावे तो वो अपने भक्तो को कभी दुखी नहीं देख सकते है। शनिदेव की उपासना से रोगो और कष्टो से मुक्ति, सकारात्मक उर्जा, कर्म सुधारने का अवसर, सुख और समृद्धि, जीवन में स्थिरता और सफलता मिलती है। शनिदेव वर्तमान समय में तीन राशि कुभ, मीन एवं मेष पर भ्रमण कर साढे साती का प्रभाव दिखा रहे है। ढैया शनि सिंह एवं धनु राशि पर प्रभाव डाल रहे है। उल्लेखनीय है कि 31 वर्ष पहले विक्रम संवत 2051 शुक्ल पक्ष द्वितीय माघ माह में न्यूटन चिखली के सुरम्य सतपुडा पहाडी क्षेत्र में श्री रवीन्द्र खरे द्वारा स्वयंभू शनि महाराज की प्राण प्रतिष्ठा की गई।

## कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग को सशक्त करने पर जोर





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन में सम्पन्न हुई। आयोजित बैठक में कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग को नगर के 48 वार्डों में सक्रिय करने के साथ ही और अधिक सशक्त करने पर जोर दिया गया।

उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के हाथों को और अधिक मजबूत करने के लिए संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण एकजुट होकर नगर के वार्डों में निरंतर सक्रिय होकर कार्य करेंगे।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे, पांढुर्ना जिला प्रभारी गंगाप्रसाद तिवारी व जिला कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष गोविंद राय व कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष गुरूचरण खरे ने आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी को एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने हेतु प्रेरित किया साथ ही कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग में सक्रिय पदाधिकारियों को अवसर व नए चेहरों को शामिल करने की बात कही।

आयोजित बैठक में प्रकाश मेहरोलिया, अजीत डोले, महादेव गायकवाड़, अनिल इंगले, इनोद काम्बडे, सुमित भावरकर, संतोषी गजभिये, सविता मेश्राम, प्रतीमा ब्रम्हे, नेहा आम्रवंशी, पारस बंसकार, कीर्ति डेहरिया, राजा गुन्हेरे, सरिता, अंकिता सोलंकी, सोनम, सरस्वती, मेनवती, अमरवती, ममता, अनिता सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## ग्रामीण महिलाओं को एनडीपीएस व पॉक्सो एक्ट की दी जानकारी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा सुशांत हुद्दार के निर्देशन में राकेश सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा की उपस्थिति में छिंदवाड़ा विकास खंड के ग्राम बनगांव एवं डूंडा सिवनी के आंगनबाड़ी केंद्र मे नालसा नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015 विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

ग्रामीण महिलाओं को कानून की जानकारी के साथ अपनी जीवन शैली मे किस तरह सुधार करना चाहिए इस हेतु उक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राकेश सिंह ने कहा कि तम्बाकू का नशा का सेवन एक सामाजिक बुराई के रूप मे फैल रहा है, जो व्यक्ति को धीरे से अपने शिकंजों में जकड़ लेता है तथा उसको शारीरिक एवं मानसिक रूप से बीमार बना देता है।

नशा करने वाले व्यक्ति का पूरा परिवार बिखर जाता है साथ ही बच्चो की शिक्षा व प्रगति रुक जाती है। यदि किसी व्यक्ति या बालक का किसी मादक लिकर, स्वापक औषधी या मादक प्रभावी पदार्थ के विक्रय, फुटकर क्रय-विक्रय, उसे साथ रखने, उसकी आपूर्ति करने या तस्करी करने के लिए उपयोग किया जाना व बालक को मादक लेकर या स्वापक औषधि या मना प्रभावित पदार्थ देने के लिए शास्ति है।



## कांग्रेस पदाधिकारियों ने देखी फुले




**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** समाज सुधारक ज्योतिबा फुले एवं सावित्री बाई फुले के जीवन पर आधारित प्रेरणादायक फिल्म फुले शहर कांग्रेस कमेटी एवं कांग्रेस एस.सी. सेल के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण ने सामूहिक रूप से देखी।

इस फिल्म में समाज के निचले तबके के लोगों की जीवन शैली उनके उत्थन के साथ ही बालिकाओं की शिक्षा, विधवा पुनर्वास व प्लेग पीड़ितों की मदद के प्रयास व संघर्षों के ईद-गिर्द घूमती हुई फिल्म को शहर कांग्रेस कमेटी व कांग्रेस एस.सी. प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से देखी और फिल्म की प्रशंसा करते हुए फुले फिल्म के माध्यम से समाज सुधार किस तरह किया जा सकता है सीखा।

## उपलब्धियां बताने पदयात्रा करेंगे सांसद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने जा रहा है। इस 1 वर्ष में सरकार ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इन उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सांसद विवेक साहू पदयात्रा पर निकलेंगे।

इस 3 दिवसीय पद यात्रा के जरिए वे गांव-गांव में ग्रामीणों से भेंट कर सरकार की उपलब्धियां बताएंगे। यात्रा का शुभारंभ 1 जून को छिन्दवाड़ा से होगा एवं समापन 3 जून को जुन्नारदेव के ताल खमरा मंदिर में होगा। यात्रा के संबंध में सांसद श्री साहू ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा हुआ है।

सांसद विवेक साहू ने बताया कि आजादी के बाद पहली बार देश में सरकार जातिगत जनगणना कराने जा रही है। श्री साहू ने साफ किया कि भाजपा जाति की राजनीति नहीं करती बल्कि सरकार का मकसद है कि जो लोग वंचित, पीड़ित और शोषित है जिनकी अभी तक उपेक्षा की गई है उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि इस जातिगत जनगणना के जरिए सामाजिक न्याय के समावेशी मॉडल तैयार होगा।

आगामी 1 जून को सांसद विवेक साहू छिन्दवाड़ा से पदयात्रा करेंगे। यहां से वे कुंडालीकलां, भमाड़ा, खंसवाड़ा, पुरा, मूसादेही, कन्हरगांव, चिखलाढाना, पटपड़ाढाना, डोंमरी, माढ़ईमाल, मोरडोंगरीकलां, मोरडोंगरीखुर्द, खजरीअंतु, सिंदरईरैयत, लामनिया, कोठार, कटकुही, उमरघोड़, जम्बाकिराड़ी, खुमकाल होते हुए जुन्नारदेव के ताल खमरा मंदिर पहुंचेंगे। यहां 3 जून को यात्रा का समापन होगा।

यात्रा के दौरान रास्ते में पड़ने वाले डोमरी और कटकुही में सांसद श्री बंटी विवेक साहू चौपाल लगाकर ग्रामीणों से संवाद करेंगे एवं रात्रि विश्राम करेंगे।

## दिगंबर जिनालय सिंगोड़ी में वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव आज

**सिंगोड़ी, देशबन्धु।** धर्म नगरी छिंदवाड़ा के विद्वानों की नगरी सिंगोड़ी में श्री पार्श्वनाथ जिनालय ट्रस्ट द्वारा सुंदर एवं मनोहारी श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जिनालय का निर्माण जैन मोहल्ला में किया गया जिसका दो दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव आज मंगलवार 27 मई से प्रारंभ होने जा रहा है।

महोत्सव के मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन ने बताया कि महोत्सव की आमंत्रण पत्रिका का विमोचन स्वाध्याय भवन सिंगोड़ी में प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी डॉक्टर मनोज कुमार जैन जबलपुर, बा.ब्र. महेंद्र कुमार जैन अमायन, विशाल शास्त्री, महोत्सव के अध्यक्ष इंद्रकुमार जैन, मन्नूलाल जैन, शिखरचंद जैन, गोविंद प्रसाद जैन सहित अन्य जिनशासन सेवकों के हस्ते किया गया।

सभी ने सकल जैन समाज सहित नगर वासियों को आमंत्रित कर विधि विधान पूर्वक श्री यंत्रजी, मां जिनवाणी एवं मंगल कलश की स्थापना कर श्री जिनेन्द्र पूजन की ओर शांति जाप में हिस्सा लिया।

### आज निकलेगी श्री जिनेन्द्र शोभायात्रा

आज प्रात: 6:45 बजे श्री पार्श्वनाथ जिनालय में जिनबिंब प्रक्षालन एवं श्री जिनेन्द्र पूजन के पश्चात 8:30 बजे से श्री श्रीजी, मां जिनवाणी एवं आचार्य भगवन्तों के पावन चरणों की भव्य शौभायात्रा शौर्य लॉन के सामने से प्रारंभ होकर नगर का भ्रमण करते हुए जैन मोहल्ला स्थित श्री पार्श्वनाथ जिनालय पहुंचेगी। जहां मुख्य पंडाल में ध्वजारोहण कर उदघाटन विधि होगी।





11:30 बजे से साधर्मी वात्सल्य स्नेह भोज एवं 01:30 बजे से श्री याग मंडल विधान का आयोजन होगा। मंगल महोत्सव की खुशी में दोपहर 1 बजे से नगर भोज का आयोजन जिनशासन सेवक दादा मोहनलाल जैन राज परिवार द्वारा दुर्गा मंदिर परिसर में रखा गया है।

रात्रि 07:00 बजे से श्री जिनेन्द्र भक्ति, 08:15 बजे से मंगल प्रवचन एवं 09:15 बजे से विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है जिसमें सकल जैन समाज सहित धर्म प्रेमी बंधुओं से सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेने की अपील महोत्सव समिति सहित श्री पार्श्वनाथ जिनालय ट्रस्ट द्वारा की गई है।